प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 03.11.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, विभिन्न विभागों के 13 प्रस्तावों को दी गयी मंजूरी।
- घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज, मुख्यमंत्री और झामुमो के केन्द्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर बोला हमला, भाजपा ने भी भरी हुंकार।
- चाईबासा में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने के खिलाफ भाजपा का राज्यव्यापी प्रदर्शन, राज्पाल के नाम सौंपा ज्ञापन, स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने की मांग।
- हजारीबाग में वन भूमि की अवैध ढंग से खरीद–बिक्री से जुड़े कारोबारी विनय सिंह और उनकी पत्नी को राहत नहीं, एसीबी कोर्ट ने खारिज की याचिका।
- गुरुनानक जयंती के उपलक्ष्य में रांची में निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा, शबद–कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। इस बैठक में राज्य के विकास और प्रशासनिक सुधार से जुड़े कुल 13 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को मुफ्त जमीन रजिस्ट्री के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी है।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रचार अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। मुख्यमंत्री और झामुमो के केन्द्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने गठबंधन उम्मीदवार सोमेश चन्द्र सोरेन के समर्थन में मुसाबनी स्थित कुईलीसुता मार्शल मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि यह पार्टी राजनीतिक स्वार्थ के लिए जनता के बीच जाती है।

****

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष तथा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी पार्टी उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार जनता को जिंदगी नहीं मौत परोस रही है।

****

उधर, जादुगोड़ा मंडल की तेरेंगा पंचायत में भाजपा द्वारा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद सांसद ढुलू महतो, आसनसोल विधायक अग्निमित्रा पॉल, पूर्व विधायक मेनका सरदार और जादुगोड़ा मंडल के चुनाव प्रभारी सुरेश साव उपस्थित रहे।

****

चाईबासा में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने के खिलाफ भाजपा की ओर से आज राज्यभर में विरोध–प्रदर्शन किया गया। प्रदेश के सभी जिलों में सिविल सर्जन कार्यालयों के समक्ष भाजपा कार्यकर्ताओं ने धरना दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस कड़ी में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उपायुक्तों को राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की। रांची में आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सीपी सिंह और पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव समेत कई नेता शामिल हुए।

****

गिरिडीह पुलिस ने साइबर अपराध पर बड़ी कार्रवाई करते हुए गांडेय थाना क्षेत्र के बैरगी गांव के पास छापेमारी कर तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने आज प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि गांडेय थाना क्षेत्र में साइबर अपराधी बैंक के अधिकारी बनकर फ्रॉड कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एटीएम , मोबाइल फोन, सीम और दूसरे सामान के साथ तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं जबकि दो भागने में सफल रहे।

****

आईएएस अधिकारी विनय चौबे के हजारीबाग डीसी रहने के दौरान वन भूमि की अवैध ढंग से खरीद–बिक्री और नियमविरुद्ध म्यूटेशन से जुड़े केस के प्रमुख आरोपी विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह की अलग–अलग याचिका पर हजारीबाग एसीबी की विशेष अदालत ने फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को राहत देने से इनकार करते हुए अग्रिम जमानत याचिका और जमानत याचिका खारिज कर दी है।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से तेलंगाना की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है।

****

चतरा जिला प्रशासन द्वारा संचालित दो नवाचार कार्यक्रमों को राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

रांची में गुरुनानक जयंती के अवसर पर आज भव्य गुरुनानक सतसंग शोभायात्रा निकाली जा रही है। श्रद्धालु जत्थों का जगह–जगह स्वागत किया जा रहा है। पूरा शहर शबद–कीर्तन से गूंज रहा है। शोभा यात्रा को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। रात 12 बजे तक बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में ठंड बढ़ने लगी है। न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। रांची में कल की तुलना में आज न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि आने वाले दिनों में तापमान और गिरेगा, जिससे सुबह–शाम की ठंड में बढ़ोतरी होगी।

****

बहरीन में सम्पन्न तृतीय यूथ एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक पाने पर कबड्डी की भारतीय पुरुष तथा महिला दोनों ही टीमों को इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा दस–दस लाख रूपये दिए जाने की घोषणा की गयी है। कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड ने डॉ. पी. टी. ऊषा सहित ओलंपिक संघ की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

*******समाप्त********